भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. *413**

जिसका उत्तर 21.08.2025 को दिया जाना है

**ग्रामीण सड़कों को क्षति**

*413. श्री देवेश शाक्य:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-530बी के बरेली से मथुरा खंड के निर्माण के दौरान भारी डंपरों को निकटवर्ती ग्रामीण संपर्क सड़कों से होकर गुजारा जा रहा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उत्तर प्रदेश के कासगंज और हाथरस जिलों के कई गाँवों में ऐसे भारी वाहनों की आवाजाही के कारण सड़कों की स्थिति बहुत अधिक खराब हो गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने इन क्षतिग्रस्त ग्रामीण सड़कों की शीघ्र मरम्मत/पुनर्निर्माण सुनिश्चित किए जाने की जिम्मेदारी सौंपी है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

**'ग्रामीण सड़कों को क्षति' के संबंध में श्री देवेश शाक्य द्वारा पूछे गए दिनांक 21.08.2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 413 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) से (ग) अनुमोदित मिट्टी खनन (बोरो) क्षेत्रों से निकाली गई मिट्टी के परिवहन के लिए ठेकेदारों द्वारा ग्रामीण संपर्क सड़कों सहित विभिन्न सड़कों का उपयोग किया जा रहा है। निर्माण सामग्री की ढुलाई सहित विभिन्न कारणों से कुछ ग्रामीण सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। राज्य सरकार के अधिकारियों द्वारा सूचित की गई क्षति की मरम्मत समय-समय पर रियायतग्राही द्वारा की जा रही है।

*****